**E-201** Roll No. [ ]

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा - 2022
Higher Secondary Examination (Main) - 2022

# हिन्दी
# HINDI

| Total Questions : 23 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80 |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए ।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।

1. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) कवि किसका भार लिए फिरता है?

(अ) सुख-दुख का

(ब) जग-जीवन का

(स) निज उर का

(द) यौवन का

(ii) कहौ अवधूत कहौ.... किसकी पंक्तियाँ हैं?

(अ) फ़िराक गोरखपुरी

(ब) रघुबीर सहाय की

(स) तुलसीदास की

(द) उमाशंकर जोशी

(iii) बाजार कब जाना चाहिए ?

(अ) जब मन खाली हो

(ब) जब मन खाली न हो

(स) जब मन अच्छा हो

(द) जब मन अच्छा न हो

(iv) लुट्टन पहलवान ने हराया था :

(अ) दारा सिंह को

(ब) राजा साहब को

(स) रुस्तम को

(द) चाँद सिंह को

(v) 'जूझ' पाठ के लेखक हैं :

(अ) आनन्द यादव

(ब) मनोहर श्याम जोशी

(स) ओम धानवी

(द) विष्णु खरे

(vi) टी. वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्त्वपूर्ण हैं :

(अ) विजुअल

(ब) नेट

(स) बाइट

(द) उपरोक्त सभी

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए :

(i) बच्चे ------- में होंगे। (प्रत्याशा / निराशा)

(ii) भक्तिन का वास्तविक नाम ----- था । (दुर्गा / लछमिन)

(iii) सौंदलगेकर मास्टर ------ पढ़ाने आते थे । (मराठी / हिन्दी)

(iv) नाटक में पात्रों की संख्या ------ होनी चाहिए । (अधिक / कम)

(v) वीर रस का स्थायी भाव ------- है । (उत्साह / क्रोध)

(vi) जिन छन्दों में मात्राओं की गणना की जाती है वे ---- छन्द कहलाते हैं। (वार्णिक/ मात्रिक)

(vii) नभ का अर्थ है ---- । (आकाश / नीला)

3. सही जोड़ी बनाइए :

| | |
|---|---|
| (i) बात की चूड़ी मर जाना | (अ) कथानक |
| (ii) अवधूत | (ब) 16-16 मात्राएँ |

| | |
|---|---|
| (iii) सिल्वर वैडिंग | (स) संस्कृत के मूल शब्द |
| (iv) कहानी का केन्द्रीय बिन्दु | (द) बात का प्रभावहीन हो जाना |
| (v) चौपाई छन्द | (इ) यशोधर बाबू |
| (vi) तत्सम | (फ) शिरीष के फूल |

4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

(i) उषा का जादू कब टूटता है ?

(ii) पहलवान लुट्टन सिंह के कितने पुत्र थे ?

(iii) सिन्धु सभ्यता का सबसे बड़ा नगर कौन सा था ?

(iv) आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी होनी चाहिए ?

(v) शब्दगुण कितने प्रकार के होते हैं ?

(vi) 'दूसरा घर कर लेना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(vii) क्रिया विशेषण की परिभाषा लिखिए ।

5. निम्नलिखित कथनों में से सत्य / असत्य का चयन कीजिए :

(i) 'पर्चेजिंग पावर' का अर्थ क्रय शक्ति होता है ।

(ii) शिरीष का फूल संस्कृत साहित्य में बहुत कठोर माना जाता है ।

(iii) राखालदास बनर्जी 1922 में मुअनजो-दड़ो गए ।

(iv) कहानी का नाटक रूपान्तरण असम्भव है ।

(v) करुण रस का स्थायी भाव रति है ।

(vi) प्रिया बहुत बातूनी है में बातूनी शब्द क्रिया विशेषण है ।

6. बच्चे किस आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ?.

अथवा

'भाषा को सहूलियत' से बरतने का क्या अभिप्राय है ?

अथवा

7. 'उषा' कविता में कवि ने भोर के नभ की तुलना किससे की है ?

अथवा

'छोटा मेरा खेत' कविता के संदर्भ में 'अंधड़' और 'बीज' क्या है ?

8. भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई ? .

अथवा

मनुष्यों की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर रहती है ?

9. ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ?

अथवा

लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है ।

10. कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक का धारणा में क्या बदलाव आया ?

अथवा

यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है, लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों ?

11. मुद्रित माध्यमों में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य प्रमुख बातें कौन सी हैं ? लिखिए।

अथवा

समाचार लेखन में मुख्यतः किन छः सवालों का जवाब देने की कोशिश की जाती है ?

12. करुण रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए ।

अथवा

विरोधाभास अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए ।

13. सोरठा छन्द की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए ।

अथवा

अभिधा शब्द शक्ति की परिभाषा लिखिए ।

14. मुहावरे और लोकोक्ति में कोई दो अन्तर बताइए ।

अथवा

निपात शब्द का अर्थ बताते हुए कोई दो निपात शब्द लिखिए ।

15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(i) ईश्वर के अनेकों नाम हैं।

(ii) मुझे केवल मात्र बीस रुपये दीजिए।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए :

(i) शिरीष के वृक्ष बड़े और छायादार होते हैं । (प्रश्नवाचक वाक्य)

(ii) पन्द्रह वर्ष बीत गए । (आश्चर्यसूचक/विस्मयसूचक वाक्य)

16. तुलसीदास अथवा रघुवीर सहाय का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए -

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाव पक्ष - कला पक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

17. महादेवी वर्मा अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए -

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा-शैली

(iii) साहित्य में स्थान

18. तत्सम तथा तद्भव शब्दों में अन्तर स्पष्ट करते हुए दो तत्सम शब्द तय शब्द लिखिए।

अथवा

उपसर्ग एवं प्रत्यय में अन्तर लिखिए।

19. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आ रही हिमालय से पुकार,

है उदधि गरजता बार-बार,

प्राची, पश्चिम, भू-नभ अपार,

सब पूछ रहे हैं दिग्-दिगंत,

वीरों का कैसा हो वसंत ?

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उदधि का अर्थ लिखिए।

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में कौन सारस है?

अथवा

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

राष्ट्रीय भावना में शौर्यभाव का अपना विशिष्ट स्थान है। राष्ट्र गौरव का बखान और उसकी रक्षा का प्रबल भाव जिस कविता में व्यक्त होता है उस वीर भाव को शौर्य के अन्तर्गत गिना जाता है। शौर्य का भाव आत्मगौरव से परिपूर्ण होता है। हिन्दी कविता के सदीर्घ

इतिहास में इस भाव की प्रतिष्ठा प्रायः सभी युगों में होती रही है। आदिकाल से लेकर आधानिक यग तक किसी न किसी रूप में शौर्य और देशप्रेम का भाव जाग्रत रहा है।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) राष्ट्रीय भावना में किसका विशिष्ट स्थान है ?

(iii) सुदीर्घ शब्द का अर्थ लिखिए ।

20. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए -

आँगन में छुनक रहा है जिदयाया है

बालक तो हुई चाँद पे ललचाया है

दर्पण उसे दे के कह रही है माँ

देख आइने में चाँद उतर आया है।

अथवा

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने

कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने

बाहर भीतर

इस घर, उस घर

कविता के पंख लगा उड़ने के माने

चिड़िया क्या जाने?

21. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए -

पैसा पावर है । पर उसके सबूत में आस-पास माल-टाल जमा न हो तो क्या वह खाक पैसा है ! पैसे को देखने के लिए बैंक-हिसाब देखिए, पर माल-असबाब मकान-कोठी तो अनदेखे भी दीखते हैं । पैसे की उस 'पर्चेजिंग पावर' के प्रयोग में ही पावर का रस है ।

अथवा

रात्रि की विभीपिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकार कर चुनौती देती रहती थी। पहलवान संध्या से सुबह तक चाहे जिस खयाल से ढोलक बजाता हो, किन्तु गाँव के अर्द्धमृत, औषधि-उपचार पथ्य-विहीन प्राणियों में वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी।

22. जबलपुर नगर निगम के निगमायक्त को नियमित जल आपूर्ति करवान हेतु आवेदन पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने मित्र कमलेश को अपने बड़े भाई की शादी में आमंत्रित करने हेतु एक पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए :

(i) पर्यावरण प्रदूषण : उसकी रोकथाम में आपका योगदान

(ii) छात्रजीवन और खेल

(iii) छात्रजीवन में अनुशासन